SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 29/07/2019

Q1. 28 जुलाई को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

ख. विश्व हेपेटाइटिस दिवस

ग. विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस और विश्व हेपेटाइटिस दिवस

घ. इनमे से कोई नहीं

28 जुलाई को विश्वभर में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस और विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है. विश्व हेपेटाइटिस दिवस का उद्देश्य विश्वभर में हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता फैलाना और विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस को मनाने के उद्देश्य

SarkariExam.Com

विलुप्त होते जीव जंतु और वनस्पति की रक्षा का विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर संकल्प लेना है.

Q2. 29 जुलाई को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व बाघ दिवस

ख. विश्व विज्ञानं दिवस

ग. विश्व हाथी दिवस

घ. विश्व खरगोश दिवस

29 जुलाई को विश्वभर में विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बाघों के संरक्षण के बारे में लोगो में जागरूकता फैलाना है. साथ हो लोगो को बाघों की घटती संख्या और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है.

Q3. जीएसटी काउंसिल ने इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स 12% से घटाकर कितने प्रतिशत कर दिया है?

क. 10 प्रतिशत

ख. 8 प्रतिशत

ग. 5 प्रतिशत

घ. 3 प्रतिशत

जीएसटी काउंसिल ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स 12% से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है. नयी दरें 1 अगस्त से

SarkariExam.Com

लागू होंगी. साथ ही इलेक्ट्रिक बस किराए से लेने पर स्थानीय निकायों को जीएसटी से छूट देने का फैसला किया है.

Q4. दिल्ली के बाद किस शहर को बीसीसीआई ने रणजी क्रिकेट टीम का दर्जा देने के लिए मंजूरी दे दी है?

क. मुंबई

ख. चंडीगढ़

ग. पुणे

घ. शिमला

दिल्ली के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने चंडीगढ़ शहर को रणजी क्रिकेट टीम का दर्जा देने के लिए मंजूरी दे दी है. बीसीसीआई ने हाल ही में चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन(पंजा) और चंडीगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन (हरियाणा) को जोड़कर UTCA में शामिल करने को कहा है.

Q5. हाल ही में _____ में तीन तलाक विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया है?

क. लोकसभा

ख. राज्यपाल

ग. सुप्रीमकोर्ट

घ. निति आयोग

हाल ही में लोकसभा में तीन तलाक विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया है. इस विधेयक में एक साथ, अचानक 'तीन तलाक' दिए जाने को अपराध करार दिया गया

SarkariExam.Com

है और यह अपराध करने वाले को जेल की सजा सुनाए जाने का भी प्रावधान किया गया है.

Q6. अमेरिका, रूस, चीन और भारत के बाद कौन सा देश हाल ही में एंटी सैटेलाइट मिसाइल बनाने वाले देशो में शामिल हो गया है?

क. इण्डोनेशिया

ख. फ्रांस

ग. जापान

घ. पाकिस्तान

अमेरिका, रूस, चीन और भारत के बाद हाल ही में फ्रांस एंटी सैटेलाइट मिसाइल बनाने वाले देशो में शामिल हो गया है. फ्रांस की रक्षा मंत्री ने कहा है फ्रांस के अंतरिक्ष में लगभग 2000 हजार सैटेलाइट हैं.

Q7. 23वें प्रेसिडेंट्स कप के कितने किग्रा इवेंट में बॉक्सर एमसी मैरीकॉम ने गोल्ड मेडल जीता है?

क. 50 किग्रा इवेंट

ख. 51 किग्रा इवेंट

ग. 55 किग्रा इवेंट

घ. 72 किग्रा इवेंट

इंडोनेशिया के लाबुआन बाजो में हों रहे 23वें प्रेसिडेंट्स कप के 51 किग्रा इवेंट में बॉक्सर एमसी मैरीकॉम ने ऑस्ट्रेलिया की एप्रिल फ्रैंक्स को 5-0 से हराकर गोल्ड

SarkariExam.Com

मेडल जीता है. इससे वर्ष मई में हुए इंडिया ओपन बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी वर्ल्ड चैम्पियन मैरीकॉम ने गोल्ड मेडल जीता था.

Q8. ई-स्पोर्ट्स का दुनिया का सबसे बड़ा इवेंट "फोर्टनाइट वर्ल्ड कप" की शुरुआत किस शहर में हुई है?

क. दिल्ली

ख. न्यूयॉर्क

ग. दुबई

घ. कैलिफ़ोर्निया

ई-स्पोर्ट्स या ऑनलाइन गेमिंग का सबसे ज्यादा प्राइज मनी वाला टूर्नामेंट "फोर्टनाइट वर्ल्ड कप" की शुरुआत हाल ही में अमेरिका के न्यूयॉर्क में हुई है. इस फोर्टनाइट वर्ल्ड कप में करीब चार करोड़ गेमर्स ने हिस्सा लिया था जिसमे से 100 गेमर को चुना गया है.

Q9. पूर्व केंद्रीय मंत्री एस जयपाल रेड्डी का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 77 वर्ष

ख. 80 वर्ष

ग. 83 वर्ष

घ. 89 वर्ष

SarkariExam.Com

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एस जयपाल रेड्डी का हाल ही में 77 वर्ष की आयु में निमोनिया बीमारी के वजह से हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है. वे वर्ष 1998 में पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रकुमार गुजराल की अगुआई में सूचना और प्रसारण मंत्री भी थे.

Q10. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज चार्ल लैंगवेल्ट और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी को किस क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया है?

क. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ख. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ग. बांग्लादेश क्रिकेट टीम

घ. भारतीय क्रिकेट टीम

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज चार्ल लैंगवेल्ट और न्यूजीलैंड के पूर्व लेफ्ट आर्म स्पिनर डेनियल विटोरी को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम का कोच नियुक्त किया गया है. चार्ल लैंगवेल्ट को दो वर्ष के लिए और डेनियल विटोरी को अगले वर्ष होने वाले टी-20 विश्व कप तक टीम को कोच नियुक्त किया है.

Q11. इस वर्ष अप्रैल-जून तिमाही में किस बैंक को 1,908 रुपए का मुनाफा (स्टैंडअलोन) हुआ है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. यस बैंक

SarkariExam.Com

ग. आईसीआईसीआई बैंक

घ. केनरा बैंक

आईसीआईसीआई बैंक को अप्रैल-जून तिमाही में किस बैंक को 1,908 रुपए का मुनाफा (स्टैंडअलोन) हुआ है. जबकि पिछले वर्ष इस तिमाही में बैंक को 120 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था. आईसीआईसीआई बैंक के साथ नेट इंटरेस्ट मार्जिन 27% बढ़कर 7,737 करोड़ रुपए हो गया है.

Q12. बांग्लादेश टीम का कौन सा विकेटकीपर वनडे क्रिकेट में 6000 रन पूरे करने वाला बाग्लादेश का पहला विकेटकीपर बल्लेबाज बन गया है?

क. शकीब अल हसन

ख. मुशफिकुर रहीम

ग. तमीम इकबाल

घ. सब्बीर रहमान

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर मुशफिकुर रहीम 6000 रन पूरे करने वाले बाग्लादेश क पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए है. साथ ही वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में 6 हजार रन पुरे करने वाले बांग्लादेश के तीसरे खिलाडी बन गए है. उनसे पहले तमीम इकबाल और शाकिब अल हसन ने 6000 बनाये है

SarkariExam.Com

Q13. संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए कार्य करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले किस भारतीय शांतिदूत को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है?

क. सार्जेंट रमेश सिंह

ख. सार्जेंट विजय शर्मा

ग. सार्जेंट संदीप वर्मा

घ. सार्जेंट संजय त्यागी

लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए कार्य करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय शांतिदूत सार्जेंट रमेश सिंह को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है. भारत के सार्जेंट रमेश सिंह को लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बलों (UNIFIL) के साथ तैनात किया गया था.

Q14. भाजपा विधायक दल के नेता बीएस येदियुरप्पा ने चौथी बार किस राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. कर्नाटक

घ. बिहार

भाजपा विधायक दल के नेता बीएस येदियुरप्पा ने चौथी बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है. उन्हें राज्यपाल वजुभाई वाला ने राजभवन में एक समारोह में शपथ दिलाई. शपथ लेने के बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर 105 विधायकों के समर्थन वाला पत्र सौंपा.

SarkariExam.Com

Q15. अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख यूकिया अमानो का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 70 वर्ष

ख. 72 वर्ष

ग. 80 वर्ष

घ. 82 वर्ष

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख यूकिया अमानो का हाल ही में 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. वे वर्ष 2009 से संयुक्त राष्ट्र की अंतराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक थे और वे वर्ष 2005 से इस परमाणु निगरानी एजेंसी में जापान का प्रतिनिधित्व कर रहे थे.

Q16. थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत के आशीष चौधरी ने कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर दोनों

थाईलैंड ओपन अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत के आशीष चौधरी ने 75 किलोग्राम वर्ग में कोरिया के लिम हुइन्चुल को हराकर गोल्ड मेडल जीता है. उनकी इस जीत पर हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने बधाई दी.

SarkariExam.Com

Q17. ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने किस मूल या किस देश के साजिद जाविद को वित्त मंत्री नियुक्त किया है?

क. जापान

ख. अफगानिस्तान

ग. पाकिस्तान

घ. भारत

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने पाकिस्तान मूल या पाकिस्तान के साजिद जाविद को वित्त मंत्री नियुक्त किया है. इससे पहले वर्ष 2018 में साजिद जाविद ब्रिटेन के पहले नस्लीय अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले गृहमंत्री बने थे.

Q18. फेमस कैरेक्टर मिन्नी माउस को आवाज़ देने वाली रेज़ी टेलर का किस शहर में निधन हो गया है?

क. टेक्सास

ख. कैलिफोर्निया

ग. वाशिंगटन

घ. इनमे से कोई नहीं

फेमस कैरेक्टर मिन्नी माउस को आवाज़ देने वाली रेज़ी टेलर का कैलिफोर्निया के ग्लेनडेल में निधन हो गया है. उनके निधन की पुष्टि द वॉल्ट डिज़नी कंपनी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डिजनी बॉब इगर ने की है.

SarkariExam.Com

Q19. निम्न में से कौन सी टेलिकॉम कंपनी हाल ही में देश की सबसे बड़ी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर बन गयी है?

क. वोडाफोन आइडिया

ख. भारतीय एयरटेल

ग. रिलायंस जियो

घ. बीएसएनएल

मुकेश अम्बानी की रिलायंस जियो के उपयोक्ताओं की संख्या 33.13 करोड़ हो गयी है इसके साथ रिलायंस जियो अपने ऑपरेटिंग के तीन साल के भीतर ही देश की सबसे बड़ी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर बन गयी है.. जबकि वोडाफोन आइडिया के उपयोक्ताओं की संख्या घटकर 32 करोड़ रह गयी है

Q20. किस देश के महिला खिलाडी मेग लेनिंग ने टी-20 का सबसे बड़ा स्कोर 63 गेंद पर 133 रन बनाया है?

क. इंग्लैंड

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. साउथ अफ्रीका

घ. अमेरिका

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के महिला खिलाडी मेग लेनिंग ने टी-20 का सबसे बड़ा स्कोर 63 गेंद पर 133 रन बनाया है. उन्होंने यह स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में हुए एक मैच में बनाया है. उनके बाद नीदरलैंड की स्टेरी कालिस ने टी-20 में 126 का स्कोर बनाया है.

SarkariExam.Com